नवभारत
भोपाल, गुरुवार, 9 जुलाई, 2026

दो हादसे-छात्र की मौत, मासूम बच्ची की भी गयी जान

खास बातें

- तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह
- दो युवक गंभीर घायल, पुलिस जांच में जुटी

नवभारत न्यूज

विदिशा 8 जुलाई, बुधवार को दो अलग अलग सड़क हादसों में जहां एक छात्र की मौत हो गयी वहीं एक मासूम बच्ची की भी जान गयी है. एक हादसा सिविल लाइन रोड पर दो मौपेड की आमने सामने की भिंडत हुयी वहीं ऑटो और बाइक की टक्कर की घटना सामने आयी है.

शहर के सिविल लाइन क्षेत्र में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के सरकारी निवास के सामने बुधवार सुबह दो स्कूटी की आमने-सामने भिड़ंत में आठवीं कक्षा के एक छात्र की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसा सुबह करीब 11 बजे हुआ. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सवार सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए.पुलिस के अनुसार एक स्कूटी पर दो युवक सवार थे, जबकि दूसरी स्कूटी पर एक युवक था. प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार के कारण दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर होना सामने आया है. सचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया.अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद सुभाष नगर निवासी राजकुमार आदिवासी को मृत घोषित कर दिया. राजकुमार आठवीं कक्षा का छात्र था. उसके पिता मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं. वह तीन भाइयों में से एक था. पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया. हादसे में घायल दोनों युवकों का उपचार जिला अस्पताल में जारी है.

प्रत्यक्षदर्शी पंकज, निवासी बड़ा बाजार, ने बताया कि उन्होंने दुर्गा नगर चौराहे से आगे कलेक्टर-एसपी निवास के सामने दुर्घटना होते देखी. उन्होंने तत्काल एक ऑटो की व्यवस्था कर घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया.एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी आलोक बघेल ने बताया कि हादसे के बाद दोनों क्षतिग्रस्त स्कूटियां सड़क पर पड़ी थीं और एक युवक गंभीर रूप से घायल था. उन्होंने अन्य लोगों की मदद से घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जिससे उसका समय पर उपचार शुरू हो सका.पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है. दुर्घटना के अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है.

तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से मासूम की मौत,डेढ़ साल से कम उम्र का था बच्चा

- मेडिकल कॉलेज में बच्ची ने तोड़ा दम, चालक की तलाश में जुटी पुलिस

अहमदपुर रोड पर तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से बाइक सवार एक परिवार सड़क हादसे का शिकार हो गया. दुर्घटना में 1 वर्ष 2 माह की मासूम रिया आदिवासी की मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों का उपचार जारी है.जानकारी के अनुसार, हरि आदिवासी अपनी पत्नी पूजा और बेटी रिया आदिवासी के साथ बाइक से अहमदपुर से अपने गांव गांगई जा रहे थे. इसी दौरान अहमदपुर रोड पर सामने से आए एक तेज रफ्तार ऑटो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए.घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया. प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर तीनों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मासूम रिया को मृत घोषित कर दिया. हरि आदिवासी और पूजा का उपचार जारी है.अस्पताल में उस समय भावुक दृश्य देखने को मिला, जब घायल मां पूजा अपनी मासूम बेटी के शव को सीने से लगाकर बिलखती रही. सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी. पुलिस टक्कर मारने वाले ऑटो और उसके चालक की तलाश कर रही है.

दो हजार रुपये का लालच, दिए खाते, साइबर फ्रॉड का आरोप

खाते, एटीएम और सिम वापस दिलाने एसपी से लगायी गुहार

निष्पक्ष जांच की मांग

नवभारत न्यूज

विदिशा 8 जुलाई, शहर के पीतल मिल क्षेत्र निवासी दो युवकों ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि उनके बैंक खातों का कथित रूप से साइबर फ्रॉड में दुरुपयोग किया जा रहा है. पीड़ितों का आरोप है कि उनसे दो हजार रुपये का लालच देकर बैंक खाते, एटीएम कार्ड और सिम कार्ड ले लिए गए थे, जिनका अब अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल किया जा रहा है.

शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि विनय , निखिल सहित अन्य लोगों ने उनके बैंक खातों का गलत उपयोग किया. मामले की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने एसपी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की.पीड़ितों ने अपने बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड और सिम कार्ड वापस दिलाने की भी मांग की है, ताकि भविष्य में उनके नाम का किसी भी प्रकार के साइबर अपराध में दुरुपयोग न हो सके. उन्होंने आशंका जताई कि इस मामले में एक संगठित गिरोह सक्रिय हो सकता है, इसलिए पूरे नेटवर्क की जांच की जानी चाहिए.शिकायत की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, मानव अधिकार आयोग, ईडी मुख्यालय नई दिल्ली, सीबीआई मुख्यालय, डीजीपी, साइबर मुख्यालय भोपाल तथा ईडी कार्यालय भोपाल सहित विभिन्न एजेंसियों को भी भेजी गई है. आवेदन में साइबर फ्रॉड में अन्य लोगों की संलिप्तता की आशंका भी व्यक्त की गई है.हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी. फिलहाल पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर ली है और पीड़ितों को मामले में निष्पक्ष जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की उम्मीद है.

सैण्ट एसआरएस पब्लिक स्कूल में सड़क एवं साइबर सुरक्षा जागरुकता पखवाड़ा संपन्न

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और साइबर अपराधों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से सैण्ट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में सड़क एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) श्रीमती शिखा भलावी एवं यातायात निरीक्षक एन.एस. लोधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओपी श्रीमती शिखा भलावी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय यातायात नियमों का पालन करना है. उन्होंने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और चार पहिया वाहन में चालक सहित सभी यात्रियों को सीट बेल्ट लगाने की सलाह दी. उन्होंने बताया कि सिर में लगी गंभीर चोट व्यक्ति का जीवन छीन सकती है या उसे आजीवन अपंग बना सकती है.उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति भी सतर्क रहने की सीख देते हुए कहा कि मोबाइल पर आने वाली किसी भी अनजान लिंक, शादी कार्ड या अन्य संदिग्ध लिंक पर बिना पुष्टि किए क्लिक न करें. ऐसा करने से मोबाइल हैक हो सकता है और बैंक खाते से जमा पूंजी भी ठगी का शिकार हो सकती है. उन्होंने ऑनलाइन गेमिंग और साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों से बचने के लिए भी विद्यार्थियों को जागरूक किया.

कुरवाई विपणन सहकारी समिति में मूंग उपार्जन का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

कुरवाई, बुखारा रोड स्थित विपणन सहकारी समिति में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मार्केटिंग सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष हरि सिंह चौहान एवं विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी मुख्य रूप से उपस्थित रहे.अतिथियों ने कांटा-पूजन कर और किसानों का माला पहनाकर स्वागत किया.पूर्व अध्यक्ष हरि सिंह चौहान ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाना हमारी प्राथमिकता है.

जमीन विवाद में राठौर परिवार के दो पक्ष भिड़े, लाठी-डंडों से हमला, 5 घायल

- महिलाएँ भी मारपीट में शामिल, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो
- दोनों पक्षों पर मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

विदिशा 8 जुलाई, जिले के करारिया थाना क्षेत्र के दीताखेड़ी गांव में जमीन विवाद को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया. खेत पर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते लाठी-डंडों की मारपीट में बदल गई. घटना में दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हुए हैं. मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें पुरुषों के साथ महिलाएँ भी हाथों में डंडे लेकर एक-दूसरे पर हमला करती दिखाई दे रही हैं.

जानकारी के अनुसार राठौर परिवार के दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था. बुधवार को दोनों पक्ष खेत पर आमने-सामने आए, जहाँ पहले कहासुनी हुई और फिर विवाद ने हिंसक रूप ले लिया.दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने से अफरा-तफरी मच गई.मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन तब तक कई लोग घायल हो चुके थे.ड्घटना की सूचना मिलते ही करारिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया.सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहाँ उनका इलाज जारी है.करारिया थाना सूत्रों ने बताया कि घटना दो दिन पहले की है.खेत में हुए विवाद में एक पक्ष के दो तथा दूसरे पक्ष के तीन लोग घायल हुए हैं. दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है.सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को भी पुलिस ने जांच में शामिल किया है.दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और जांच पूरी होने के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

खेलते-खेलते घर का रास्ता भटका 8 वर्षीय बालक, डायल-112 ने परिजनों से मिलाया

- रामलीला तिराहा के पास मिला था मासूम
- पुलिस की तत्परता से सुरक्षित पहुंचा घर

नवभारत न्यूज

विदिशा. थाना कोतवाली क्षेत्र में खेलते-खेलते घर का रास्ता भटक गए 8 वर्षीय बालक को डायल-112 पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए सकुशल उसके परिजनों से मिला दिया.

जानकारी के अनुसार 7 जुलाई 2026 की रात 9.23 बजे राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सूचना मिली कि रामलीला तिराहा के पास एक 8 वर्षीय बालक अकेला घूम रहा है और वह घर का रास्ता भूल गया है. सूचना मिलते ही कोतवाली थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मौके पर रवाना किया गया.मौके पर पहुंचे डायल-112 स्टाफ आरक्षक सतीश कुमार एवं पायलट प्रकाश कुशवाहा ने बालक को संरक्षण में लेकर उससे स्नेहपूर्वक पूछताछ की. बालक ने स्वयं को करैया खेड़ा क्षेत्र का निवासी बताया.इसके बाद डायल-112 टीम बालक को एफआरवी वाहन से करैया खेड़ा लेकर पहुंची और आसपास परिजनों की तलाश की. कुछ देर बाद बालक के नाना मिले. पहचान और आवश्यक सत्यापन के बाद पुलिस ने बालक को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया. पुलिस की त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली और डायल-112 टीम का आभार व्यक्त किया.

गिरदावरी में विदिशा का शानदार प्रदर्शन, प्रदेश में तीसरा स्थान

नवभारत न्यूज

विदिशा. रबी वर्ष की डिजिटल गिरदावरी में विदिशा जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के टॉप-10 जिलों में तीसरा स्थान हासिल किया है. जारी प्रदर्शन सूची के अनुसार जिले में 97.35 प्रतिशत गिरदावरी कार्य पूर्ण हो चुका है, जो राजस्व अमले की कार्यकुशलता और प्रशासन की सतत निगरानी का परिणाम माना जा रहा है.जारी सूची के अनुसार खंडवा 97.48 प्रतिशत गिरदावरी के साथ प्रदेश में पहले स्थान पर रहा, जबकि रायसेन 97.45 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है. विदिशा ने 97.35 प्रतिशत प्रगति के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया. इसके बाद नर्मदापुरम 95.23 प्रतिशत और नरसिंहपुर 94.02 प्रतिशत के साथ क्रमश: चौथे और पांचवें स्थान पर रहे.जिले में डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत खेतों में फसलों का ऑनलाइन सत्यापन तेज गति से किया गया. प्रशासन की सतत मॉनिटरिंग, राजस्व अधिकारियों की सक्रियता और मैदानी अमले के समन्वित प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल हुई है. इससे किसानों के फसल रिकॉर्ड समय पर अपडेट होंगे और उन्हें विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ भी शीघ्र मिल सकेगा.राजस्व विभाग की इस उपलब्धि से प्रशासनिक अमले में उत्साह का माहौल है.

गंभीर मरीजों को जांच के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा जा रहा, परिजनों ने उठाए व्यवस्था पर सवाल

जिला अस्पताल की इमरजेंसी सेवा प्रभावित, एक्स-रे कक्ष पर लटका मिला ताला

नवभारत न्यूज

विदिशा. जिला अस्पताल की इमरजेंसी सेवाओं पर बुधवार को सवाल खड़े हो गए, जब इमरजेंसी में स्थित एक्स-रे कक्ष बंद मिला और उस पर ताला लटका था. इसके चलते दुर्घटना और गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को एक्स-रे जांच के लिए मेडिकल कॉलेज भेजना पड़ा.

मरीजों के परिजनों का कहना है कि इमरजेंसी में तत्काल एक्स-रे जैसी आवश्यक जांच की सुविधा उपलब्ध रहनी चाहिए, लेकिन कक्ष बंद होने से उन्हें जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज तक चक्कर लगाने पड़ रहे हैं. इससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है.परिजनों का कहना है कि गंभीर रूप से घायल मरीजों को जांच के लिए दूसरे संस्थान ले जाना जोखिम भरा भी साबित हो सकता है. उनका मानना है कि इससे उपचार शुरू होने में अनावश्यक देरी होने की आशंका बनी रहती है.

अस्पताल पहुंचे लोगों ने मांग की है कि इमरजेंसी में एक्स-रे सहित सभी आवश्यक जांच सेवाएं 24 घंटे सुचारु रूप से संचालित की जाएं, ताकि गंभीर मरीजों को तत्काल उपचार मिल सके और उन्हें दूसरी जगह भेजने की नौबत न आए.

गठन संगठन को मजबूत करने और युवाओं को जिम्मेदारी देने पर जोर . पदाधिकारियों ने जताया प्रदेश नेतृत्व का आभार

प्रदेश कांग्रेस ने विदिशा जिला कांग्रेस की 52 सदस्यीय नई कार्यकारिणी घोषित की

नवभारत न्यूज

विदिशा. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विदिशा जिला कांग्रेस की 52 सदस्यीय नई कार्यकारिणी घोषित कर दी है. संगठन महामंत्री संजय कामले द्वारा जारी सूची प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, जिला प्रभारी राजेश रघुवंशी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी की अनुशंसा पर जारी की गई.

नई कार्यकारिणी में गोविंद भार्गव को संगठन महासचिव, रूप सिंह किरार को कोषाध्यक्ष तथा सुशील शर्मा एवं रवि यादव को प्रवक्ता बनाया गया है. वहीं श्रीमती सुभाषनी बोहत, जिनेश जैन, रमेश तिवारी, सुजीत देवालिया, सुंदर सिंह दांगी, अनुज यादव, अवध शर्मा, युद्धवीर सिंह बघेल, गोविंद गुर्जर और आनंद दुबे सहित कई नेताओं को उपाध्यक्ष बनाया गया है.इसके अलावा राजेश दुबे, जितेंद्र यादव, राजकुमार पांसी, अशरफ खान, रेखा माहेश्वरी, मलखान सिंह मीणा, प्रशांत नायक, कमल सिंह यादव सहित अनेक नेताओं को महासचिव तथा प्रसंग जैन, बंटी सक्सैना, अमोल सिंह लोधी, अर्पित सिंघई, प्रमोद सिंह ठाकुर, निर्भय सिंह लोधी, मनोज कुशवाहा, सादिक कुरैशी, माजिद खान, विद्या यादव सहित अन्य को सचिव नियुक्त किया गया है. दीक्षा लोधी और अवधेश दुबे को सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है.प्रदेश नेतृत्व ने कहा कि नई कार्यकारिणी का गठन संगठन को मजबूत करने, जमीनी कार्यकर्ताओं को अवसर देने और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है. जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने तथा जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का संकल्प व्यक्त किया.